भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3036
13 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उस्मानाबाद में आयुष्मान भारत योजना

3036. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आयुष्मान भारत योजना की वर्तमान स्थिति क्या है और महाराष्ट्र राज्य के उस्मानाबाद (धाराशिव) जिले के कितने नागरिक इस योजना के पात्र हैं;
(ख) वर्ष 2020-2024 के दौरान उक्त जिले में उक्त योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की वर्षवार संख्या कितनी है;
(ग) आकांक्षी जिलों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(घ) उक्त योजना के अंतर्गत किन-किन बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जाता है;
(ङ) महाराष्ट्र राज्य में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर, एचआईवी और हृदय रोग का निःशुल्क उपचार प्रदान करने वाले पैनलबद्ध अस्पतालों/औषधालयों का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(च) आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अभिघात के रोगियों को उनके उपचार के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;
(छ) आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आकांक्षी जिलों में समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए किए गए विशेष प्रावधानों का ब्यौरा क्या है; और
(ज) उस्मानाबाद (धाराशिव) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त योजना के अंतर्गत कितने अस्पतालों/ औषधालयों को शामिल किया गया है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) भारत की आबादी के आर्थिक रूप से कमजोर निचले 40% हिस्से का गठन करने वाले 12.37 करोड़ परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को द्वितीयक और विशिष्ट परिचर्या हेतु अस्पताल में भर्ती होने पर प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।

महाराष्ट्र राज्य के उस्मानाबाद (धाराशिव) जिले में, कुल 2.71 लाख लाभार्थी परिवार के 12.35 लाख व्यक्ति इस योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र हैं।

(ख): महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या
2019-20	3063
2020-21	3556
2021-22	4925
2022-23	4950
2023-24	5973

(ग) से (छ): देश भर में, विशेष रूप से आकांक्षी जिलों में योजना के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी की जाती है। आकांक्षी जिलों के अस्पतालों के संबंध में प्रदान किए गए उपचार के लिए 10% का अतिरिक्त प्रोत्साहन भी है। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लाभार्थियों के लिए पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए आकांक्षी जिलों में अस्पतालों के लिए पैनलबद्धता मानदंडों में ढील देने की छूट दी गई है। आकांक्षी जिलों के लाभार्थी योजना के तहत पोर्टेबिलिटी सुविधा का उपयोग करके मुंबई, नई दिल्ली आदि जैसे महानगरों के प्रमुख अस्पतालों से भी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

नवीनतम स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी 2022) के अनुसार, इस योजना में लाभार्थियों के लिए 27 विशेषज्ञताओं में कुल 1,961 प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य पैकेज मास्टर के अलावा राज्य-विशिष्ट पैकेज जोड़ने और स्थानीय आवश्यकता के अनुसार पैकेज की लागत को बदलने की छूट दी गयी है। एबी-पीएमजेएवाई का राष्ट्रीय स्वास्थ्य पैकेज मास्टर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
https://pmjay.gov.in/sites/default/files/2022-10/HBP%202022.pdf

एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों का विशेषज्ञता-वार विवरण निम्नलिखित लिंक के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है:
https://hospitals.pmjay.gov.in/Search/empnlWorkFlow.htm?actionFlag=ViewRegisteredHosptlNew

एबी-पीएमजेएवाई योजना के अंतर्गत पॉलीट्रॉमा विशेषज्ञता में 21 प्रक्रियाएँ प्रदान करता है।

(ज): अस्पताल को पैनलबद्ध करना एक सतत प्रक्रिया है और किसी एक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं (एबी-पीएमजेएवाई मानदंडों को पूरा करने वाले) की आवश्यकताओं और उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। 10.12.2024 तक, महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में कुल 25 अस्पतालों को इस योजना के अंतर्गत पैनलबद्ध किया गया है।

*****